लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक BRLPS-LSBA/Proj/32/17/380 दिनांक 03/08/2018

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र० से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,
जिला जल स्वच्छता समिति, बिहार।

विषय: **'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018' के संबंध में।**

प्रसंग : **पत्रांक No. S-16011/2/2016- पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार दिनांक 17 जुलाई 2018।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार से चयनित स्वतंत्र सर्वेक्षण एजेंसी **कंटार** द्वारा **'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018'** का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। दिनांक 31 जुलाई 2018 को अधिवेशन भवन पटना में आयोजित **'शुभारंभ सह एक दिवसीय कार्यशाला'** में इस सर्वेक्षण की प्रक्रिया एवं लोगों को जागरूक करने हेतु आयोजित की जाने वाली आईईसी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई थी। जिला और राज्य को अपेक्षित रैंक प्राप्ति के दृष्टिगत तदनुसार गतिविधियां संचालित की जानी है।

उपरोक्त टीम के आगमन संबंधी सूचना संबंधित क्षेत्र के अधिकारी/कर्मियों/ जन प्रतिनिधियों को पूर्व में समयानुसार दी जानी है एवं उन्हें समुचित सहयोग उपलब्ध कराया जाना है।

सर्वे एजेंसी कंटार के राज्य स्तरीय अधिकारी अनीश शर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि संबंधित जिले में सर्वेक्षण प्रारंभ करने से एक दिन पूर्व कंटार प्रतिनिधि संबंधित जिला प्रशासन/जिला समन्वयक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को फोन से आगमन की सूचना देंगे। इस संबंध में जानकारी हेतु कंटार के राज्य स्तरीय अधिकारी अनीश शर्मा (9608461237, 8210406737) से संपर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

ह० 3/8/18

(राजीव कुमार सिंह)

पत्रांक BRLPS-LSBA/Proj/32/17/380 दिनांक 03/08/2018

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक, जिला सलाहकार आईईसी एवं जिला स्वच्छ भारत प्रेरक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: निदेशक, ग्राम विकास अभिकारण सह-सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: उप विकास आयुक्त–सह-उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० 3/8/18

(राजीव कुमार सिंह)